**आर्मी पब्लिक स्कूल शिलांग**

**वार्षिक परीक्षा (2022-23)**

**कक्षा-VII**

**अवधि: 2:30 घंटे** **पूर्णांक**: 80

**<u>सामान्य निर्देश</u>**:

सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |

यथा संभव प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए ।

लिखावट की सुंदरता व स्पष्टता का ध्यान रखें ।

(खंड-अ)

1 **प्रस्तुत गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें-**

संस्कृति का सामान्य अर्थ है, मानव जीवन के दैनिक आचार-व्यवहार, रहन-सहन तथा क्रिया-कलाप आदि। वास्तव में संस्कृति का निर्माण एक लंबी परम्परा के बाद होता है। संस्कृति विचार व आचरण के वे नियम और मूल्य हैं जिन्हें कोई अपने अतीत से प्राप्त करता है। इसलिए कहा जाता है कि इसे हम अतीत से अपनी विरासत के रूप में प्राप्त करते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो संस्कृति एक विशिष्ट जीवन-शैली का नाम है। यह एक सामाजिक विरासत है जो परंपरा से चली आ रही होती है। प्रायः सभ्यता और संस्कृति को एक ही मान लिया जाता है, परंतु इनमें भेद हैं। सभ्यता में मनुष्य के जीवन का भौतिक पक्ष प्रधान है अर्थात् सभ्यता का अनुमान भौतिक सुख-सुविधाओं से लगाया जा सकता है। इसके लिए विपरीत संस्कृति को आत्मा माना जा सकता है। इसलिए इन दोनों को अलग-अलग करके नहीं देखा जा सकता। वास्तव में दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। इनका विकास भी साथ-साथ होता है। अंतर केवल इतना है कि सभ्यता समय के बाद बदलती रहती है, किंतु संस्कृति शाश्वत रहती है।

क संस्कृति का क्या अर्थ है? 1

ख संस्कृति को विरासत का स्वरूप क्यों कहा जाता है? 1

ग सभ्यता और संस्कृति में क्या भेद है? 1

घ सभ्यता और संस्कृति का क्या अर्थ है? 1

ड़. गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। 1

2 **दिए गए विकल्पों में से प्रश्नों के सही उत्तर का चयन कीजिए-**

1. 'दबे पाँव भागने' मुहावरे का अर्थ है- 1

क. पाँव दबाकर भाग जाना

ख. चुपचाप चले जाना

ग. शोर मचाकर भाग जाना

घ. दौड़कर भाग जाना

2. 'रजनी ' शब्द का पर्यायवाची है- 1

क. निशा

ख. शशि

ग. राका

घ. सूर्य

3. 'ऐंठ बेचारी दबे पाँव भगी'-में विशेषण शब्द है- 1

क. ऐंठ

ख. दबे पाँव

ग. भगी

घ. बेचारी

4. 'शायद कंचे अच्छे नहीं है'-अर्थ के आधार पर वाक्य-भेद बताइए। 1

क. निषेधात्मक वाक्य

ख. संदेहवाचक वाक्य

ग. संकेतवाचक

घ. सरल वाक्य

5. 'माँ की पलकें भींग गईं।' रेखांकित अंश में कौन-सा कारक है ? 1

क. करण कारक

ख. संबंध कारक

ग. अधिकरण कारक

घ. क्रम कारक

6. उचित वाक्यांश चुनकर वाक्यों के खाली स्थान भरिए- 1

मेंढ़क पानी में-----कूद गया।

क. तप से

ख. टप से

ग. छप से

घ. ठप से

7. 'वेश-भूषा' में कौन-सा समास है ? 1

क. अव्ययीभाव समास

ख. द्वंद्व समास

ग. द्विगु समास

घ. कर्मधारय समास

8. 'यह भी एक कड़वा सच है'-वाक्य में 'कड़वा' शब्द ------है। 1

क. विशेषण

ख. संज्ञा

ग. क्रिया

घ. कर्म

9. 'सरसता' शब्द का विलोम शब्द बताए- 1

क. नीरसता

ख. वेश-भूषा

ग. नीरस

घ. वीरता

10. दादी माँ ----- अच्छी तरह जानती हैं। 1

क. कहा-सुनी

ख. सीना-पिरोना

ग. घास-फूस

घ. अच्छा-बुरा

11. 'मंडलाकार' का संधि-विच्छेद होगा- 1

क. मंडला+कार

ख. मंडल+आकार

ग. मंड+लाकार

घ. मंडा+लाकार

12. नील+आभ शब्द का संधि करें- 1

क. नीलाभ

ख. नीलभ

ग. निलाभ

घ. निलाभा

13. 'स्वाभाविक' शब्द में कौन-सा प्रत्यय प्रयुक्त है ? 1

क. विक

ख. इक

ग. आविक

घ. अविक

14. 'सिंहासन' का समास विग्रह करें- 1

क. सिंहा का सन

ख. सिंह का आसन

ग. सिंह का सन

घ. सिंह का असन

15. 'उमग्यो' का अर्थ है- 1

क. उमंगहीन होना

ख. उल्लसित होना

ग. उत्साहित होना

घ. उत्सहित होना

16. 'दामिन दमकै' में कौन-सा अलंकार है ? 1

क. अनुप्रास अलंकार

ख. यमक अलंकार

ग. उपमा अलंकार

घ. रूपक अलंकार

**3. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर दे-**

जागो बंसीवारे ललना!

जागो मोरे प्यारे!

रजनी बीती, भोर भयो है, घर-घर खुले किंवारे।

गोपी दही मथत, सुनियत हैं कंगना के झनकारे।।

उठो लालजी! भोर भयो है, सुर-नर ठाढ़े द्वारे।

ग्वाल-बाल सब करत कुलाहल, जय-जय सबद उचारै।।

माखन-रोटी हाथ मँह लीनी, गउवन के रखवारे।

मीरा के प्रभु गिरधर नागर, सरण आयाँ को तारै।।

1. प्रस्तुत काव्यांश किसकी रचना है ? 1

क. सूरदास

ख. मीराबाई

ग. महादेवी वर्मा

घ. सुभद्राकुमारी चौहान

2. 'बंसीवारे ललना', 'मोरे प्यारे', 'लाल जी', अदि शब्द किसके लिए प्रयोग किए गए हैं? 1

क. सुदामा के लिए

ख. कृष्ण के लिए

ग. विष्णु के लिए

घ. राम के लिए

3. इस पद में कौन किसे जगा रहा है ? 1

क. देवकी कृष्ण को

ख. मीरा कृष्ण को

ग. यशोदा कृष्ण को

घ. उपर्युक्त सभी

4. ग्वाल-बालकों के हाथ में क्या है ? 1

क. मक्खन

ख. मक्खन-रोटी

ग. रोटी

घ. मिसरी

5. ‘रजनी’ शब्द का पर्याय है - 1

1. भोर

2. संध्या

3. रात

4. दोपहर

**4 दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनिए -**

दिल्ली के अतिरिक्त जहाँ अत्यधिक भीषण युद्ध हुआ, वे केंद्र थे-कानपुर, लखनऊ, बरेली, बुन्देलखंड और आरा । इसके साथ ही देश के अन्य कई भागों में भी स्थनीय विद्रोह हुए । विद्रोह के मुख्य नेताओं में नाना साहेब, ताँत्या टोपे, बख्त कहाँ खान, अज़ीमुल्ला खान, रानी लक्ष्मीबाई, बेगम हजरत महल, कुँवर सिंह, मौलवी अहमदुल्लाह, बहादुर खान और राव तुलाराम थे । 1857 का आंदोलन स्वतंत्रता-प्राप्ति की दिशा में एक दृढ़ कदम था ।

1. प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ? 1

क. एक तिनका

ख. कंचा

ग. वीर कुँवर सिंह

घ. दादी माँ

2. इनमें से किस स्थान पर 1857 में विद्रोह नहीं हुआ था ? 1

क. कानपुर

ख. बलिया

ग. बरेली

घ. लखनऊ

3. इनमें से कौन-सा वीर प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल नहीं था ? 1

क. नाना साहेब,

ख. ताँत्या टोपे,

ग. सरदार भगत सिंह

घ. लक्ष्मीबाई

4. 1857 के आंदोलन ने स्वतंत्रता-प्राप्ति में अपनी भूमिका किस तरह निभाई ? 1

क. स्वतंत्रता-प्राप्ति का आधार तैयार करके

ख. स्थानीय विद्रोहों को बल प्रदान करके

ग. उपर्युक्त सभी

घ. इनमें से कोई नहीं

5. 'अत्यधिक' शब्द का संधि-विच्छेद होगा- 1

क. अत्य+धिक

ख. अति+अधिक

ग. अति+धिक

घ. अत्य+अधिक

**(खंड-ब)**

**5 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें- 3x4=12**

क शाम के समय पक्षी, खिलाड़ी, माँ, पिता जी, किसान और बच्चे क्या करते हैं ?

ख कंचे जब जार से निकलकर अप्पू के मन की कल्पना में समा जाते हैं, तब क्या होता है ?

ग खानपान में बदलाव के कौन से फ़ायदे हैं ? फिर लेखक इस बदलाव को लेकर चिंतित क्यों है ?

घ मोर-मोरनी के नाम किस आधार पर रखे गए ?

ङ. मीरा को सावन मनभावन क्यों लगने लगा ?

**6 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें- 4x3=12**

क वीर कुँवर सिंह के व्यक्तित्व की कौन-कौन सी विशेषताओं ने आपको प्रभावित किया ? विस्तार से लिखें ।

ख धनराज पिल्लै ने जमीन से उठकर आसमान का सितारा बनने तक की यात्रा तय की है । लगभग पचास शब्दों में इस सफर का वर्णन करें ।

ग जाली के बड़े घर में पहुँचने पर मोर के बच्चों का किस प्रकार स्वागत हुआ ?

घ 'बंसीवारे ललना' 'मोरे प्यारे' 'लाल जी', कहते हुए यशोदा किसे जगाने का प्रयास करती हैं और वे कौन-कौन सी बातें कहती हैं ?

7 **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें- 3x3=9**

क दुर्योधन के मन को क्या बात खाए जा रही थी ?

ख युधिष्ठिर जुआ में क्या-क्या हार गए ?

ग श्री कृष्ण ने द्रोपदी को क्या कहकर सांत्वना दी ?

घ हनुमान ने भीम को आशीर्वाद देते हुए क्या कहा ?

8 पिता और पुत्र के बीच परीक्षा की तैयारी को लेकर संवाद लिखें । 3

अथवा

दो मित्रों के बीच वार्षिकोत्सव के विषय में हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए|

9. अपनी परीक्षा की तैयारियों की जानकारी देते हुए अपने बड़े भाई को पत्र लिखिए | 5

अथवा

अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को विद्यालय में खेल सामग्री उपलब्ध कराने हेतु एक निवेदन पत्र लिखिए


10. किसी एक विषय पर 70-80 शब्दों में अनुच्छेद लिखें । 5

क अनुशासन

ख मेरे जीवन का लक्ष्य

ग मोबाइल का उपयोग

11. दिए गए चित्र को देखकर इसका वर्णन अपने शब्दों में कम-से कम 60-70 शब्दों में कीजिए: 3



---

***********